दिनांक : 18.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर। बारह हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की देंगे सौगात।
- स्वस्थ भारत के लिये समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही सरकार। कहा-केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन दौरे पर कहा- डेटा सेंटर और एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के वैश्विक निवेश का केन्द्र बन रहा प्रदेश।
- भारतीय पैरा टेनिस खिलाड़ी लक्ष्मी जडाला ने विशेष ओलंपिक खेलों के लिये क्वालिफाई किया।

पीएम-बिहार-पश्चिम बंगाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के मोतिहारी दौरे के दौरान वे 7 हजार 200 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे या उनकी आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क, चार नई अमृत भारत ट्रेनें तथा सड़क परियोजनाएँ सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के बिहार दौरे पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "प्रधानमंत्री ने अपने देश और बिहार के प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ी है...

श्री मोदी पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर भी जाएंगे। जहां वे एक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कार्यों की आधारशिला रखेंगे और पाँच हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। वे दुर्गापुर में एक रैली को भी संबोधित करेंगे।

हरदीप - तेल

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि बाज़ार में पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होने के कारण भारत रूसी कच्चे तेल पर प्रतिबंधों को लेकर चिंतित नहीं है। नई दिल्ली में ऊर्जा वार्ता 2025 में श्री पुरी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे सस्ती कीमत पर उपलब्ध तेल का आयात करेगा। उन्होंने कहा कि नए भारत की सरकार दबाव से नहीं, बल्कि प्रभाव से चलती है। श्री पुरी ने कहा कि भारत की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता है। देश पहले लगभग 27 देशों से तेल खरीदता था, लेकिन अब लगभग 40 देशों से तेल की खरीद करता है।

नड्डा- स्वास्थ्य

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार एक स्वस्थ भारत के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के 30 वर्ष की उम्र क व्यक्तियों की विभिन्न गंभीर बीमारियों की जांच करवाई जाएगी। श्री नड्डा ने कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने एक लाख 77 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं जो किसी भी व्यक्ति का स्वास्थ्य संस्थान से पहला संपर्क बिंदु हैं। उन्होंने बताया कि ये न केवल शहरों में बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों में भी संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेली-परामर्श सुविधाओं से भी सुसज्जित हैं।

खेलो भारत सम्मेलन

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कल 2036 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में स्थान पाने के लिए भारत की रणनीति की रूपरेखा प्रस्तुत की। नई दिल्ली में खेलो भारत सम्मेलन में डॉ. मांडविया ने कहा कि खेल एक जन आंदोलन है और सभी के

मिलकर काम करने पर ही इसके लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल एकजुट शक्ति ही भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बना सकती है। खेलो भारत सम्मेलन में भारतीय ओलंपिक संघ, भारतीय पैरालंपिक समिति, राष्ट्रीय खेल महासंघ, प्रमुख खेल संस्थान, प्रमुख व्यापारिक घरानों और भारतीय खेल जगत की वरिष्ठ हस्तियों के प्रमुख हितधारक एकत्र हुए।

मुख्यमंत्री स्पेन दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करने और वैश्विक स्तर पर डेटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से कल स्पेन के बार्सिलोना में स्थित इमर्शन कूलिंग टेक्नोलॉजी में अग्रणी कंपनी सबमर के मुख्यालय का दौरा किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सबमर की अत्याधुनिक तकनीकों, कार्यप्रणाली और ग्रीन एनर्जी समाधानों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कंपनी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश डेटा सेंटर और एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में वैश्विक निवेश के लिए एक नई ऊर्जा और अवसर का केंद्र बन रहा है। सबमर जैसी अग्रणी तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारी से राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।“

ग्लोबल स्किल्स पार्क-दौरा

भारत-इथियोपिया कौशल विकास सहयोग को नई दिशा देने की मंशा से इथियोपिया का 10 सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने कल कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल से औपचारिक मुलाकात की और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मिल रहे सहयोग के लिए आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने परिसर का भ्रमण किया और यहां संचालित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन किया।

विधानसभा सत्र तैयारी

मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में विधानसभा के आगामी सत्र की तैयारी और लंबित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन, लोकलेखा समिति की सिफारिशें, विधानसभा में विभागों के प्रशासनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर चर्चा की गयी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख अपने काम समय-सीमा में करें। कार्य की साप्ताहिक समीक्षा भी की जाये।

भारत - आकाश प्राइम

भारत ने कल आकाश प्राइम से लद्दाख में दो तेज गति के मानवरहित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आकाश प्राइम भारतीय सेना के लिए आकाश हथियार प्रणाली का उन्नत संस्करण है। इस हथियार प्रणाली को चार हजार 500 मीटर से अधिक ऊँचाई पर संचालित करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें स्वदेशी रूप से विकसित रेडियो फ्रीक्वेंसी अन्वेषक शामिल है।

सेना वायु रक्षा और रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन ने भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर आकाश प्राइम हथियार प्रणाली को तैयार किया है।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज 15 से अधिक जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 21 जुलाई तक प्रदेश में इसी प्रकार भारी बारिश की संभावना जताई है।

जडाला-विशेष ओलंपिक

एशिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पैरा टेनिस खिलाड़ी लक्ष्मी जडाला ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2025-दिव्यांगता खेलों में स्वर्ण पदक जीता। बौद्धिक दिव्यांगता से ग्रस्त 15 वर्षीय जडाला ने मिस्र के काहिरा में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व खेलों 2027 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

उधर सुजीत कलकल ने हंगरी के बुडापेस्ट में पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल कुश्ती टूर्नामेंट में 65 किग्रा पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- रीवा जिले के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में कल रामायण शोधपीठ की शिलापट्टिका का अनावरण किया गया।
- शिवपुरी जिले में खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की और व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर तीन घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।
- आगरमालवा जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मे कल आयोजित नशामुक्ति कार्यक्रम में युवाओं को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया।
- डिडोरी जिले में शासकीय पीएम श्री चंद्रविजय महाविद्यालय में कल उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- जिला मंडला के चिन्हांकित नक्सल प्रभावित विकासखण्ड के नक्सल प्रभावित ग्रामों के मूल निवासियों के लिए विशेष सहयोगी दस्ता भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन 18 जुलाई से 7 अगस्त 2025 तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जमा किया जा सकता है।
- खंडवा जिले के कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने पंधाना विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजर्स का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है।

-------